भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1133

दिनांक 24 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

तेलंगाना में आंगनवाड़ी अवसंरचना

1133. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी.:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तेलंगाना में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 मिशन के तहत जिला-वार स्वीकृत, संचालित और उन्नत किए गए आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान तेलंगाना में इस योजना के तहत कितनी निधि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(ग) क्या सरकार ने तेलंगाना में ऐसे आंगनवाड़ी केंद्रों की पहचान की है जिनमें स्थायी भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली और रसोई की सुविधा जैसी बुनियादी अवसंरचना की कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) तेलंगाना में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने तथा आंगनवाड़ी अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और लंबित कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क): आंगनवाड़ी केन्द्रों (एडबल्यूसी) की जिला-वार संख्या इस लिंक https://www.poshantracker.in/statistics पर उपलब्ध है।

तेलंगाना राज्य में सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों के रूप में उन्नयन हेतु स्वीकृत एडबल्यूसी की जिला-वार वर्ष-वार संख्या अनुलग्नक में दी गई है।

(ख) : मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत तेलंगाना राज्य को पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी और उपयोग की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए में)

2023-24		**2024-25**		**2025-26**
जारी की गई निधि	**उपयोग की गई निधि**	**जारी की गई निधि**	**उपयोग की गई निधि**	**जारी की गई निधि**
507.87	522.99*	430.76	419.75	209.2

* इसमें पिछले वर्ष की शेष राशि से उपयोग की गई निधि शामिल है।

(ग): आंगनवाड़ी केंद्रों में अवसंरचना का जिला-वार विवरण इस लिंक https://www.poshantracker.in/statistics पर उपलब्ध हैं।

(घ) : मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत, आंगनवाड़ी केंद्रों में अवसंरचना सुविधाओं में सुधार के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान मनरेगा के तालमेल से 40,000 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

इसके अतिरिक्त, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को यह भी सलाह दी गई है कि वे आंगनवाड़ी केंद्र (एडबल्यूसी) भवनों के निर्माण हेतु विभिन्न योजनाओं जैसे सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस), ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष (आरआईडीएफ), पंचायती राज संस्थाओं के लिए वित्त आयोग अनुदान, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) इत्यादि से उपलब्ध निधियों का उपयोग जारी रखें।

राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे उन आंगनवाड़ी केंद्रों को, जो पर्याप्त अवसंरचना सुविधा के बिना किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं, जहां स्थान उपलब्ध हो, निकटवर्ती प्राथमिक विद्यालयों में स्थापित करें। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के भीतर आंगनवाड़ी केंद्रों के स्थापित के लिए शिक्षा मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

जनजातीय आबादी के लक्षित विकास के लिए पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एडबल्यूसी के निर्माण तथा उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए वीवीपी (वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम) - चरण । के तहत विभिन्न अन्य पहलें भी शुरू की गई हैं।

इसके अलावा, एडबल्यूसी में अवसंरचना सुविधाओं में सुधार करने के उद्देश्य से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को पेयजल सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु @17,000/- रुपये और शौचालयों के निर्माण हेतु @36,000/- रुपये की निधि प्रदान की जाती है।

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत, कुपोषण में कमी लाने तथा सामुदायिक सहभागिता, आउटरीच, व्यवहार परिवर्तन और जागरूकता जैसी गतिविधियों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिए एक नई कार्यनीति बनाई की गई है। इसमें मातृ पोषण, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी मानदंडों, गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम)/ मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) के उपचार तथा आयुष पद्धतियों के माध्यम से तंदुरुस्ती पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि दुबलापन, बौनापन (स्टंटिंग), एनीमिया और कम वजन की व्यापकता को कम किया जा सके।

पोषण ट्रैकर ऐप ने मंत्रालय और राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों को बच्चों की स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति समेत कई मानदंडों पर इस योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करने तथा ज़रूरी सुधार करने में मदद की है।

*****

अनुलग्नक

'तेलंगाना में आंगनवाड़ी अवसंरचना' के संबंध में श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी. द्वारा दिनांक 22.07.2026 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियम अतारांकित प्रश्न संख्या 1133 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

तेलंगाना राज्य में 'सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नयन के लिए स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की जिलेवार संख्या

जिला	**वित्तीय वर्ष**			**कुल**
	2022-23	2023-24	2024-25	
जयशंकर/भूपालपल्ली	50	0	0	50
भद्राद्री कोठागुडेम/खम्मम	350	115	44	509
कुमुराम भीम आसिफाबाद	100	5	0	105
आदिलाबाद	0	24	5	29
बय्याराम	0	47	0	47
हनुमाकोंडा	0	61	4	65
हैदराबाद	0	9	1	10
जगितयाल	0	89	18	107
जनगांव	0	226	52	278
जोगुलाम्बा गडवाल	0	13	2	15
कामारेड्डी	0	208	18	226
करीमनगर	0	257	108	365
महबूबनगर	0	116	14	130
मेदक	0	92	38	130
मेडचल मल्काजगिरि	0	754	194	948
मुलुगु	0	17	0	17
नगरकुरनूल	0	42	9	51
नलगोंडा	0	122	34	156

नारायणपेट	0	203	29	232
पेद्दापल्ली	0	46	20	66
राजन्ना सिरिसिला	0	146	25	171
रंगारेड्डी	0	140	36	176
संगारेड्डी	0	218	80	298
सिद्दीपेट	0	180	58	238
सूर्यापेट	0	145	35	180
विकाराबाद	0	84	6	90
वानापर्थी	0	112	41	153
वारंगल	0	46	8	54
यदाद्रि भुवनागिरी	0	12	6	18
महबूबाबाद	0	0	3	3
मानचेरियल	0	0	2	2
निर्मल	0	0	9	9
निजामाबाद	0	0	80	80

*****